अपनी मांगों को लेकर बेल्ट्रॉन कर्मियों ने किया रोड मार्च

जहानाबाद। राज्यकर्मी का दर्जा, सेवा सुरक्षा और सेवांत लाभ समेत अन्य मांगों को लेकर रविवार को जहानाबाद में बेल्ट्रॉन कर्मियों ने रोड मार्च निकाला। इसमें करीब 200 कर्मचारी शामिल हुए। बिहार राज्य डेटा एंट्री ऑपरेटर संयुक्त



मोर्चा, पटना के आह्वान पर जिला स्तरीय प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर, डेटा एंट्री ऑपरेटर और आईटी बॉयज एंड गर्ल्स एकता मंच के बैनर तले मार्च निकाला गया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में मार्च अस्पताल मोड़ से शुरू हुआ और कारगिल चौक पर खत्म हुआ। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता दिखाई। कर्मचारियों ने कहा कि वे कई दशकों से बेल्ट्रॉन के माध्यम से सरकारी विभागों और कार्यालयों में काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा, स्थायी सेवा सुरक्षा और सेवांत लाभ नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के बाद भी नौकरी से हटाए जाने का डर बना रहता है। योजना या परियोजना खत्म होने पर रोजगार पर संकट आ जाता है। कई कर्मचारी बिना सेवांत लाभ के ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

एसपी ने व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद

व्यापारियों ने बाजारों में सुरक्षा बढ़ाये जाने की रखी मांग
व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता : कोटा किरण कुमार

जहानाबाद। रविवार को पुलिस केन्द्र में आयोजित कनेक्ट विद योर एसपी कार्यक्रम में व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कोटा किरण के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना और उनकी समस्याओं को सीधे सुनना था। व्यापारियों ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सुझाव दिए। उन्होंने अपनी समस्याओं से पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने सभी की बातें सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाजारों और दुकानों के आसपास सुरक्षा बढ़ाने के साथ साइबर अपराधों से बचाव पर भी चर्चा



पुलिस-व्यापारी संवाद नियमित रखने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को अनजान कॉल और लिंक से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही बैंक खाते, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारियां किसी के साथ साझा नहीं करने को कहा।

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगी की रकम को रोकने की संभावना बढ़ सकती है।

पुलिस प्रशासन के अनुसार, अपराध नियंत्रण और सुरक्षित कारोबारी माहौल बनाने में व्यापारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिस और व्यापारियों के बीच नियमित संवाद से समस्याओं की जानकारी समय पर मिलेगी और उनके समाधान में मदद मिलेगी।



कल होगा जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन

2700 से अधिक पदों पर युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

जहानाबाद। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा जिला नियोजनालय के तत्वावधान में तीन यानि मंगलवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में वार्षिक जिला स्तरीय रोजगार मेला 2026-27 का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार आयोजित इस रोजगार मेले का उद्देश्य जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के शिक्षित, प्रशिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। रोजगार मेले में देश के विभिन्न क्षेत्रों की 24 निजी कंपनियां भाग लेंगी, जिनके माध्यम से 2700 से अधिक रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

टेंपो की ठोकर से बुजुर्ग सब्जी बिक्रेता की मौत

आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 22 को किया घंटों जाम, सरेन मोड़ पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर की आगजनी

मखदुमपुर। टेहटा पेट्रोल पंप के समीप सरेंन मोड़ पर रविवार की शाम अज्ञात टेंपो की ठोकर से एक बुजुर्ग सब्जी विक्रेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सरेंन गांव निवासी कृष्णा महतो उर्फ मौलवी जी (65 वर्ष) के रूप में हुई है। वह टेहटा बाजार में ठेले पर सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पटना-गया एनएच को जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी कर विरोध जताया। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा महतो रविवार की शाम टेहटा बाजार में सब्जी बेचने के बाद ठेला लेकर अपने गांव सरेन लौट रहे थे। इसी दौरान सरेन मोड़ के पास सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार अज्ञात टेंपो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। हादसे से नाराज लोगों ने पटना-गया एनएच पर आगजनी कर यातायात बाधित कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि सरेंन मोड़ पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और अब तक दर्जनों लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद वर्षों से की जा रही ओवरब्रिज निर्माण की मांग पर कोई ठोस पहल नहीं हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता कारू यादव पंचायत के मुखिया सविता देवी ने कहा कि सरेन मोड़ दुर्घटना का केंद्र बन गया है। ग्रामीण लंबे समय से यहां ओवरब्रिज निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सूचना मिलने पर टेहटा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीण डीएम और एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सड़क जाम के कारण एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस पदाधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।





एसडीपीओ सदर ने कड़ौना थाना का किया निरीक्षण

जहानाबाद। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर ने रविवार को कड़ौना थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना की कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा व्यवस्था की



समीक्षा करते हुए थाना अभिलेखों, सीसीटीवी, ओडी जाँच, हाजत सुरक्षा, स्टेशन डायरी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसडीपीओ सदर ने फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी, प्रभावी वाहन जाँच, रात्रि गश्ती एवं विधि-व्यवस्था संधारण को सुदृढ़ करने, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन तथा शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीपीओ सदर ने फरार आरोपितों और वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही क्षेत्र में प्रभावी वाहन जांच और नियमित व सघन रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने शराब और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाने को कहा। उन्होंने ऐसे मामलों में कड़ी और प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही विधि-व्यवस्था से जुड़ी ड्यूटी को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। एसडीपीओ सदर ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन और तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश भी दिया।



प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से आत्मनिर्भर बन रहीं जीविका दीदियां

सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल में बचत के साथ महिला सशक्तीकरण को मिल रहा बढ़ावा

जहानाबाद। मुख्यमंत्री की विकासोन्मुखी सोच एवं जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के दिशा-निर्देश में जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में जिले की जीविका दीदियाँ अपने घरों पर सोलर पैनल स्थापित कराकर स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। योजना के अंतर्गत हुलासगंज प्रखंड के रघुनाथपुर गांव की सुनैना देवी, मोदनगंज प्रखंड के बंधुगंज गांव की किरण देवी एवं जहानाबाद प्रखंड के किनारी गांव की सरिता देवी ने अपने-अपने घरों पर 03-03 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित कराए हैं।

प्रत्येक सोलर पैनल की स्थापना पर 210000 की लागत आई है तथा प्रत्येक लाभार्थी को 98000 की सब्सिडी प्राप्त हुई है। तीनों जीविका दीदियों ने बैंक ऋण के माध्यम से सोलर पैनल स्थापित कराकर स्वच्छ ऊर्जा एवं आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में सराहनीय पहल की है। सोलर पैनल की स्थापना से जीविका दीदियों को बिजली बिल में बचत होगी। बचत की गई राशि का उपयोग बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, घरेलू आवश्यकताओं एवं स्वरोजगार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा सकेगा। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिकाधिक पात्र परिवारों तक पहुँचाने, जीविका दीदियों को योजना से जोड़ने तथा बैंक ऋण एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन की प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष बल दिया है।

इस पहल से महिला सशक्तीकरण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रशासन ने सभी जीविका दीदियों एवं जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएँ तथा अपने घरों पर सोलर पैनल स्थापित कराकर बिजली बिल में बचत के साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा दें।





PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:–

खुली ई-निविदा सं.: 2026/आईआरसीटीसी/कैट./रिफ्रेशमेंट रूम/दिसम्बर/26 निम्नलिखित स्टेशनों के 5 वर्षों की अवधि के लिए रिफ्रेशमेंट रूम में खानपान सेवाओं के प्रावधान हेतु सह ई-नीलामी बोली दस्तावेज। एमटीजे(ए1) = 200 वर्ग मीटर, केएलके(ए) = 144 वर्ग मीटर, इटीडब्लू(ए) = 63.2 वर्ग मीटर, एनजीओ (ए) = 94.41 वर्ग मीटर, टीडीएल(ए1) = 137.22 वर्ग मीटर, पीटीके(ए) = 75.4 वर्ग मीटर। प्री–बिड मीटिंग की तिथि 06.11.2026 को 11:00 बजे, और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 01.12.2026 को 15:00 बजे तक है। निविदा दस्तावेज़ "www.irctc.com" "http://www.tenderwizard.com/IRCTC" और "eprocure.gov.in/cppp वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते हैं, और इन्हें केवल http://www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही जमा/स्वीकार किया जाएगा। उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

जीजीएम (उत्तरी क्षेत्र) आईआरसीटीसी लिमिटेड, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001

पूर्व मध्य रेल

सूचना

पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल के पेंशनधारियों/पारिवारिक पेंशनधारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 नवम्बर से 06 नवम्बर 2026 तक पूर्वाह्न 10 बजे से अपराहन 04 बजे तक निम्न स्थानों पर बनाने हेतु कैंप लगाया जायेगा। डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट (DLC) जमा करने के उपरान्त उन्हें संबन्धित बैंक जा कर लाईफ सर्टिफिकेट जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

क्रम सं.	दिनांक	स्टेशन
1.	02.11.2026 से 06.11.2026 तक	मं.रे.प्र. कार्यालय वेलफेयर अनुभाग, दानापुर
2.	03.11.2026	दानापुर
3.	04.11.2026	पटना जंक्शन
4.	05.11.2026	किऊल
5.	05.11.2026	राजेन्द्रनगर
6.	06.11.2026	बिहार शरीफ
7.	06.11.2026	बक्सर

सभी पेंशनधारियों/पारिवारिक पेंशनधारियों से अनुरोध है कि उक्त शिविर में अपने PPO तथा AADHAR Card की प्रति एवं मोबाईल नम्बर जो आधार से लिंक हो, के साथ उपस्थित हो ताकि उनका डिजीटल लाईफ सर्टिफिकेट (DLC) जमा किया जा सके। साथ हीं वैसे पेंशनधारी जो शारीरिक रूप से अक्षम हैं मोबाईल सं. 9771449614 पर संपर्क कर उक्त सुविधा की जानकारी एवं अपने निवास स्थान पर ही इसका लाभ ले सकते हैं। उपरोक्त सूचना पूर्व मध्य रेल दानापुर मंडल के Website www.ecr.Indianrailway.Gov.in पर भी उपलब्ध है।

वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/1219/डीएनआर/पीईआरएसएल/नोटिस/26–27/56